**पद :** सह परामर्शदाता – पेटेंट विश्लेषक **पद कोड** : CON-57

कुल पद **:** दो **(02)**

समेकित शुल्क : सह परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क **75,000/-** रुपये प्रति माह होगा।

**अवधि :** यह नियुक्ति प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है, जिसे कार्यनिष्पादन और संगठनात्मक प्राथमिकताओं के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

**कार्य विवरण** : चयनित अभ्यर्थी को बाइरैक के आईपी एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन प्रभाग के साथ काम करना होगा, जहां वह विभिन्न परियोजनाओं जैसे पेटेंट और गैर-पेटेंट पूर्व कला खोज एवं विश्लेषण, उल्लंघन विश्लेषण, श्वेत स्थान विश्लेषण, संचालन की स्वतंत्रता संबंधी खोज, पेटेंट परिदृश्य खोज एवं विश्लेषण, बाजार अनुसंधान एवं प्रतिस्पर्धी निगरानी आदि पर कार्य करनागे।

**मुख्य उत्तरदायित्व:**

- पेटेंट शोध एवं विश्लेषण का संचालन करना - IP खोज उपकरण/डेटाबेस और वैज्ञानिक सूचना संसाधनों का उपयोग करके पेटेंटेबिलिटी/फ्रीडम-टू-ऑपरेट (FTO)/पेटेंट लैंडस्केप खोज, जिसमें अनुक्रम और रासायनिक संरचना खोज शामिल है।
- विभिन्न पेटेंट डेटाबेस के उपयोग पर व्यावहारिक अनुभव।
- आविष्कार/परियोजना को समझने के बाद FTO/अन्य खोज रणनीति तैयार करना और समय पर जानकारी प्रदान करना।
- खोज परिणामों का विश्लेषण और सारांश तैयार करना और परिणामों का व्यावहारिक मूल्यांकन और विश्लेषण प्रदान करना।
- विभिन्न पेटेंट खोज और तकनीकी विश्लेषण करके रिपोर्ट तैयार करना।
- पेटेंट जोखिम शमन रणनीतियों को तैयार करने पर सहायता प्रदान करना।
- IP से संबंधित किसी भी अन्य मामले पर राय/सलाह प्रदान करना।
- अपने उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु कोई अन्य कार्य करना।
- गोपनीय जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करना और किसी भी मंच पर प्रकटीकरण और अनधिकृत उपयोग से बचना जिसमें औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा/व्याख्यान/प्रकाशन आदि शामिल हैं।
- सौंपे गए अन्य कर्तव्यों का पालन करना।
- इसके अलावा, उम्मीदवार को पेटेंट शोध एवं विश्लेषण का कार्यसाधक ज्ञान एवं तकनीकी विषय वस्तु की अच्छी समझ होना आवश्यक है।

**योग्यता :**

अनिवार्य योग्यता **:**

- किसी मान्यता प्राप्त एवं प्रतिष्ठित संस्थान से जीवन विज्ञान/जैव-प्रौद्योगिकी/फार्मा/कृषि/पादप विज्ञान में एम.एससी./एम.टेक.
- पंजीकृत भारतीय पेटेंट एजेंट

**वांछनीय/अधिमान्य :**

- जीवन विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/फार्मा/ कृषि/ पादप विज्ञान में पीएचडी।
- किसी मान्यता प्राप्त एवं प्रतिष्ठित संस्थान से कानून में डिग्री या बौद्धिक संपदा अधिकार में डिप्लोमा/डिग्री।

**कार्य अनुभव :**

पेटेंट शोध और केंद्र/राज्य सरकार या स्वायत्त संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या केपीओ/कंपनियों/स्टार्ट-अप्स को आईपी सेवाएं प्रदान करने न्यूनतम 3 वर्ष के अनुभव के साथ योग्यता पश्चात 3 से 10 वर्ष का अनुभव।

**अधिकतम आयु :** रिक्ति की अंतिम तिथि तक अधिकतम **45** वर्ष।

* इस विज्ञापन में दर्शाई गई कुल रिक्तियों की संख्या बाइरैक संस्था के विवेक एवं आवश्यकतानुसार बढ़ाई/घटाई/रद्द की जा सकती है।